दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 06
अंकः- 163
मुरादाबाद
(Saturday)
03 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

गांधी-शास्त्री जयंती: राजघाट पर बापू को किया नमन, राष्ट्रपति मुर्मू-पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

देश में गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी जा रही है। राजघाट पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने बापू को नमन किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सत्य और अहिंसा का संदेश याद किया गया।देश आज महात्मा गांधी की 157वीं जयंती मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद यहां सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें अलग-अलग धर्मों के

प्रतिनिधियों ने प्रार्थना की और बापू के सत्य एवं अहिंसा के संदेश को याद किया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता को नमन किया। महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के मौके पर राजघाट में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रपति ने शामिल होकर बापू को याद किया।खरगे और राहुल गांधी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने गांधी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। ओम बिरला ने राजघाट पहुंचकर दी श्रद्धांजलि- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर बापू को नमन किया।मनोहर लाल खट्टर ने भी किया नमन- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। गांधी जयंती के मौके पर उन्होंने बापू को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। एलजी तारणजीत सिंह संधू ने दी श्रद्धांजलि- दिल्ली के उपराज्यपाल तारणजीत सिंह संधू भी गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पहुंचे। उन्होंने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। सीएम रेखा गुप्ता ने प्रार्थना सभा में लिया हिस्सा- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजघाट स्थित गांधी समाधि में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को किया याद- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, संपूर्ण विश्व को शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन अपने आप में एक आदर्श था। उनके स्वदेशी, स्वराज के विचार सदियों को प्रेरित करते रहेंगे। गांधी जयंती के अवसर पर बापू को कोटि-कोटि नमन। -सीएम योगी ने गांधी के विचारों को किया याद- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर संपूर्ण विश्व को स्वदेशी व अहिंसा के माध्यम से स्वाधीनता का संदेश देने वाले, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पावन जयंती पर कोटिश- नमन। प्रदेश वासियों को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस की शुभकामनाएं। श्रद्धेय बापू के आदर्श, सादगी और विचार आज भी हम सभी को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, जय जवान, जय किसान के प्रणेता व सादगी और दृढ़ संकल्प की प्रतिमूर्ति श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण, विषम परिस्थितियों में उनका अडिग नेतृत्व और देशवासियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता सदैव प्रेरणा देती रहेगी। आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा, गुदड़ी के लाल शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान के नारे ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश के जवानों और किसानों में एक नई ऊर्जा का संचार किया। सादगी, ईमानदारी और त्याग के प्रतीक शास्त्री जी को देश के विकास में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे समेत कई विपक्षी नेताओं ने भी दी श्रद्धांजलि- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सादगी, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रतीक, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन भारत के लिए समर्पण की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने लिखा, भूमि सुधारों से लेकर हरित और दुग्ध क्रांति की नींव मजबूत करने तक, रेलवे में तीसरी श्रेणी समाप्त करने से लेकर बसों में महिलाओं के लिए सीटों की व्यवस्था तक और 1965 के युद्ध में देश को दृढ़ नेतृत्व देने तक, राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। गांधीवादी मूल्यों और उच्च विचारों से परिपूर्ण उनका सरल जीवन हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। एनसीपी-एसपी के प्रमुख शरद पवार ने एक्स पर लिखा, सादगी, कर्तव्य-निष्ठा और राष्ट्र-सेवा को अपने सार्वजनिक जीवन का आधार बनाने वाले और संकट के समय साहसी निर्णय लेकर देश के नेतृत्व को एक नई दिशा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। एनसीपी-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले ने भी लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा,आज जय जवान-जय किसान नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। उन्हें एक आम आदमी के कर्तव्य-बोध और असीम देशभक्ति की मिसाल के तौर पर सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उनकी जयंती के अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि। पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत मान ने भी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

मायावती बोलीं: सपा को वोट तो पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का चाहिए, वो टिकट परिवार और पूंजीपतियों को देते हैं

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें वोट आम जनता का चाहिए लेकिन वो टिकट पूंजीपतियों और परिवार के लोगों को देते हैं। जनता को उनसे सावधान रहना चाहिए।बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि सपा को वोट तो पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का पर वो टिकट परिवार और पूंजीपतियों को देते हैं। जनता को इस बात को समझना चाहिए कि सपा का पीडीए एक छलावा है। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि राज्यसभा चुनाव में सपा का तीसरा उम्मीदवार सिर्फ फेस सेविंग के लिए ही होगा। एक्स पर जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि जैसाकि यह सर्वविदित है कि बसपा किसी भी छोटे-बड़े चुनाव में विरोधी पार्टियों में भी खासकर समाजवादी पार्टी की तरह अपने परिवार, सगे-सम्बंधी, भाई-भतीजों, करीबी रिश्ते-नातेदारों के साथ ही विशेषकर बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों आदि को टिकट नहीं देती है, यानी चुनावों में उनके धनबल का सहारा नहीं लेती है, बल्कि पार्टी में कार्यरत सर्वसमाज में

से केवल गरीब, मध्यम वर्ग व कमजोर तबकों के कर्मठ अम्बेडकरवादी लोगों को ही अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाती है, अर्थात बीएसपी की राजनीति परिवारवाद व धनबल से मुक्त व पाक-साफ है, जबकि वहीं दूसरी तरफ सपा ठीक इसके विपरीत कार्य करती है, जो अपने आपको समाजवादी व कथित 'पीडीए'की पार्टी होने का राजनीतिक ढोंग व छलावा करती हुई ज्यादा नजर आती है।उन्होंने आगे कहा कि इसका एक और खास व ताजा उदाहरण यह है कि सपा ने यूपी से राज्यसभा के लिये द्विवार्षिक चुनाव में रामगोपाल यादव को फिर से पर्चा भरवाया है जो सपा मुखिया के नजदीकी रिश्तेदार हैं, जबकि सपा ने अपनी पार्टी का दूसरा उम्मीदवार धनराज परिमल नाथवानी को बनाया है, जो चर्चित उद्योग घराने से सम्बद्ध हैं। लोगों की राय में सपा का तीसरा उम्मीदवार पहले की तरह संभवतः फेस सेविंग व चुनाव हारने के लिये होगा तो इस प्रकार का है सपा, उसका पीडीए व उस पार्टी का समाजवाद अर्थात् सपा को चुनाव में वोट तो 'पीडीए' का चाहिये, लेकिन सांसद व विधायक आदि ज़्यादातर अपने परिवार वालों को व बड़े-बड़े पूंजीपतियों को बनाती है। अतः जनता इनके %पीडीए' के बहकावे में ना आये तो यह सही होगा।उन्होंने कहा कि वास्तव में यह कोई नई बात नहीं है बल्कि सपा का इस प्रकार का दोहरा चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा से ही रहा है और इसीलिये खासकर अपरकास्ट समाज के गरीबों तथा %बहुजन समाज% अर्थात दलितों, आदिवासियों, अति-पिछड़ों, मुस्लिम एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के समस्त लोगों को अब ख़ासकर यूपी विधानसभा आमचुनाव से पहले ही जरूर पूरी तरह से सचेत व सतर्क हो जाना चाहिये कि उन सबका हित अम्बेडकरवादी बीएसपी में ही निहित व सुरक्षित है, बाकी सब छलावा ही छलावा है।

आकाश आनंद ने तोड़ी चुप्पी, बोले- कभी दूसरे दल में नहीं जाएंगे, बसपा मेरा परिवार, मायावती राजनीतिक गुरु

बसपा के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने दूसरे दल में जाने की खबरों को खारिज किया। उन्होंने बसपा को अपना परिवार और मायावती को राजनीतिक गुरु बताया। आकाश ने मायावती से अपनी चुप्पी के लिए माफी मांगी और उनके नेतृत्व में पार्टी व मिशन की फिर से सेवा करने का अवसर देने की अपील की।बहुजन समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने लंबे समय बाद चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि वह कभी दूसरे दल में नहीं जाएंगे। बसपा मेरा परिवार है और मायावती मेरी राजनीतिक गुरु और प्रेरणा हैं। मेरी बुआ मां भी हैं। आकाश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैंने राजनीति में जो कुछ सीखा, वो आप से ही सीखा। जो किया, आपके मार्गदर्शन में किया। इसलिए आज अपनी बात सीधे आपके सामने और पूरे बहुजन समाज के सामने रखना चाहता हूं। पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया में मेरे बारे में कई तरह की खबरें और अफवाहें चल रही हैं। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि मैं किसी दूसरे राजनीतिक दल में नहीं जा रहा। आगे भी नहीं जाऊंगा। वहीं अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने पर कहा कि उनके संन्यास का आपका फैसला उचित है और मैं उस फैसले के साथ खड़ा हूं।

सीएम योगी बोले- खादी के वस्त्रों पर 30 जनवरी तक 25 फीसदी छूट, भारत की स्वाधीनता का मंत्र था खादी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने खादी के वस्त्रों पर 30 जनवरी 2027 तक 25 फीसदी छूट की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने लोगों से खादी को जीवन का हिस्सा बनाने और कारीगरों, हस्तशिल्पियों व बुनकरों के उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर प्रदेशवासियों को उपहार दिया। उन्होंने कहा कि खादी भारत की स्वाधीनता का मंत्र है, प्रदेश सरकार ने खादी के वस्त्रों पर 30 जनवरी 2027 तक 25 फीसदी की छूट उपलब्ध कराई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से

अपील की कि हर व्यक्ति खादी को जीवन का हिस्सा बनाकर कारीगरों, हस्तशिल्पियों व बुनकरों के हुनर को सम्मान दे। सीएम योगी ने एनेक्सी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा कि भारत की स्वाधीनता के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 157वीं तथा सादगी, सज्जनता के लिए प्रसिद्ध भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती है। बापू का 'स्वदेशी से स्वावलंबन' भारत की आजादी का मंत्र बना था। आजादी का जो आंदोलन पहले बिखरा था, वह बापू के नेतृत्व में जनांदोलन बना। जिसके कारण ब्रिटिश हुकूमत को भारत छोड़कर भागने को मजबूर होना पड़ा। मंत्र ही विकसित भारत की आधारशिला बनेगा, इसीलिए पीएम मोदी जी 'लोकल टू ग्लोबल' की चर्चा करते हैं। उनका मानना है कि गांवों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, बुनकरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रोत्साहित करना और प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना भारत की स्वाधीनता के महानायकों के प्रति कृतज्ञता भी है। हर भारतीय श्रद्धा से लेता है शास्त्री जी का नाम - सीएम योगी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी का नाम आते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ता है। वह अपनी सादगी, सज्जनता के लिए सदैव प्रसिद्ध रहेंगे। वह जितने संवेदनशील थे, उनका व्यक्तित्व उतना ही संघर्षशील भी था। उन्होंने जो कहा, वह करके दिखाया। जो किया, उतना ही बोला। जय जवान-जय किसान' का नारा बना स्वाधीन भारत का मंत्र- मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी का ध्येय था कि भारत खाद्यान्न - त्मनिर्भरता में लक्ष्य प्राप्त करे और देश की सीमाओं पर लड़ रहे जवानों के प्रति हर भारतीय के मन में सम्मान का भाव पैदा हो। शास्त्री जी का 'जय जवान-जय किसान' का नारा स्वाधीन भारत का मंत्र बना। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध किसान-सीएम योगी ने कहा कि एक ओर जवान सीमाओं की रक्षा करते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे थे तो दूसरी ओर अन्नदाता किसान अपने पसीने, परिश्रम से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा था। उसी का परिणाम है कि आज भारत ने खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। भारत अब 140 करोड़ देशवासियों का पेट भरने के साथ ही अनेक देशों में खाद्यान्न आपूर्ति का सामर्थ्य रखता है। शास्त्री जी ने 1965 में जो मंत्र दिया था, उसे भारत की आंतरिक/वाह्य सुरक्षा प्रदान करने वाले जवान व देशवासी आज भी आत्मसात करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस की किसान अधिकार यात्रा शुरू, अजय राय बोले- किसानों के हक की लड़ाई जारी रखेगी पार्टी

मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ क्षेत्र से कांग्रेस की किसान अधिकार यात्रा शुरू हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गन्ना भुगतान, खाद, बिजली दर और एमएसपी समेत किसानों के मुद्दे उठाए।मुजफ्फरनगर के मोरना क्षेत्र में शुक्रवार को कांग्रेस की किसान अधिकार यात्रा का शुभारंभ किया गया। शुकतीर्थ क्षेत्र के गांव इलाहाबास से शुरू हुई यात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और किसान कांग्रेस के पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष मनोज माड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा शुरू होने से पहले शुकतीर्थ धाम स्थित शुकदेव आश्रम में पूजा-अर्चना की गई। राय ने कहा कि किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ने का समय से भुगतान नहीं मिल रहा है और खाद की समस्या भी बनी हुई है। बिजली की बढ़ी दरों से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।एमएसपी और उचित मूल्य का मुद्दा- अजय राय ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर भी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रही है और आगे भी किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगी। गांव-गांव किसानों से संवाद- कांग्रेस नेताओं के अनुसार किसान अधिकार यात्रा क्षेत्र के कई गांवों से होकर गुजरेगी।

संपादकीय Editorial

Sponge City in Himachal

If Himachal's Urban Development Minister Vikramaditya Singh's visit to Brazil brings future plans for mountain cities, it could be a significant turning point. In this context, the concept of "sponge city" has been conceived, based on studies of cities like Shimla, Dharamshala, and Manali. Where we have found Himachali cities, they continue to struggle with climate change, environmental protection, natural resources, and development ambitions. China began developing projects in this regard in 2013, and as a result, countries like the United States, Germany, and Brazil have also succeeded in elevating urban planning, landscape, and architecture to new heights. Brazil has mapped 5,570 municipalities and has rescued 1,942 areas from floods. The causes of flooding in Thunag, Mandi, Himachal Pradesh, have been identified as encroachment on the river's natural path, haphazard construction, and development that ignores geographical sensitivities. Moreover, there is no blueprint for electricity and water supply that can be integrated with population planning. Often, electricity poles create hazardous conditions along roadsides, or leaking water pipes harm the environment.

In such a situation, the dream of a sponge city will only be realized when every department's development projects and urban planning options are fully integrated with future vision. Nearly 250 projects are underway in ten countries worldwide to provide local solutions to natural disasters, the effects of climate change, and floods.

Brazil has managed water through treatment using rain gardens, green roofs, and residential water storage tanks. In Himachal Pradesh, the Prem Kumar Dhumal government sought a future path by adopting rain harvesting in addition to watershed projects, but neither the public nor the department has taken action. Green infrastructure requires harvesting 70 to 90 percent of annual rainfall. This objective is more or less reflected in the age-old tradition of water harvesting in khatris in Hamirpur district, while in Kangra district, a network of irrigation water was established through kuhls. Sadly, encroachment on kuhls, along with haphazard construction along the banks of ravines and rivers, has created obstacles. If Himachal is to achieve the goal of a sponge city, water bodies must be protected and actively supported. Embankment of rivers, streams, and ravines flowing alongside cities and rainwater harvesting are essential. The tampering of a drain in Mandi city ruined the city's appearance during last year's floods, while two years ago, the encroachment of a drain in Bhagsunath, Dharamshala, revealed a shabby chapter of development. The University of Agriculture and Horticulture needs to experiment with rainwater harvesting from fields to gardens. However, Himachal needs to become a green state and implement nature-based solutions in cities. Of course, electric buses are also leading towards a solution, but participation of the general public in urban plans, projects and planning will also have to be ensured.

Changing Geopolitics: The US and China may be moving from confrontation to controlled competition. What's behind this warmth?

The most important message coming out of Washington is that the US and China may be moving from confrontation to controlled competition. The warmth seen between Trump and Xi may temporarily ease tensions, but the sustainability of the relationship will depend on how the two countries address difficult issues.

The meeting between US President Donald Trump and Chinese President Xi Jinping has once again exposed the contradiction between diplomatic warmth and strategic competition. The grand preparations made to welcome Jinping drew global attention. Trump personally arrived to receive him. He tried to convey the message that the US takes the relationship between the two countries seriously. However, the reality is much more complex. The summit did not yield any major solutions to the fundamental disputes between the two countries.At the meeting, Xi Jinping stressed the need to make the US and China partners rather than rivals. He stated that China's national rejuvenation and Trump's "Make America Great Again" (MAGA) campaign are not at odds. This statement reflects a desire to limit conflict between the two countries. At the summit, both countries agreed to extend the ongoing pause in the trade war. This may help ease immediate economic tensions, but it would be premature to consider it a permanent agreement. Issues such as tariffs, Chinese purchases of American agricultural products, supplies of rare minerals, technological restrictions, industrial subsidies, and China's excess production capacity remain between the two sides. The US wants China to increase its purchases of American agricultural products and ensure a more reliable supply of rare minerals. On the other hand, China possesses a significant tool for economic pressure due to its strong position in critical minerals and global supply chains. Therefore, it would be inappropriate to view the trade agreement as the beginning of a new US-China economic era. American companies need a stable business environment, while China also values ??access to large global markets and American technology. Therefore, preventing a trade war from escalating is in both sides' interests. Additionally, Xi urged the US to exercise caution on the Taiwan issue and oppose Taiwanese independence. China considers Taiwan a central issue of its national interest, while the US has long-standing security commitments to Taiwan. Consequently, the proposed sale of approximately $14 billion in US weapons to Taiwan has become a point of contention between the two countries. The lack of a decisive agreement on this issue demonstrates that even personal relations and diplomatic warmth have their limits. Xi Jinping's reference to the "Thucydides Trap" is also noteworthy. This concept points to the danger that competition between an emerging power and an existing major power could ultimately escalate into conflict. Xi stated that cooperation, regular military dialogue, and the development of crisis management mechanisms are essential to avoid this danger. This demonstrates that Beijing understands the danger of US-China strategic competition escalating into military confrontation. However, the mention of this concept also highlights how deeply the competition between the two countries deepened. AI has now become a new and urgent area of ??this competition. However, the two countries' approaches to AI differ. Trump expressed a desire to avoid excessive regulation in AI development, while Xi emphasized human control and its use for social benefits. The presence of leading figures from the US technology sector also made it clear that technological competition has now become part of geopolitical competition.

This entire meeting reveals an interesting paradox. The US and China are both essential to each other and competitors. Both need cooperation on trade, global economic stability, AI, crisis management, and many international issues. However, they also have deep differences on many issues. Consequently, the purpose of dialogue now appears to be to contain the competition, not to eliminate it. Some critics have described the grandeur displayed in Xi's welcome as "diplotainment," a mixture of diplomacy and performance. This criticism is not entirely unfounded. Trump's personal welcome to Xi, the military honors, and the grand ceremony at the White House certainly carry symbolic significance. Symbols and personal relationships play their own role in diplomacy. They can create an environment for difficult negotiations. However, this alone will not resolve differences. True success will depend on how effectively the two countries can develop mechanisms to manage their differences. This meeting is also significant for other countries around the world. If US-China tensions escalate, uncertainty in the global economy will increase and the strategic choices of Indo-Pacific countries will become more complex. Conversely, if both countries succeed in controlling competition, a degree of stability may emerge.This situation is particularly important for India. India has a rapidly strengthening strategic relationship with the US, but it also has a complex one with China. And it is a crucial relationship. If Washington and Beijing adopt a long-term approach of dialogue and competition management in their relations, India will also have to adjust its strategic calculations accordingly. This could have implications for the Indo-Pacific, technology cooperation, supply chains, and the regional balance of power. The challenge for India will be to effectively manage its relations with China while maintaining a strong strategic partnership with the United States. The real significance of the Trump-Xi summit lies in the effort to keep the channels of dialogue open to prevent their competition from escalating into uncontrolled confrontation. The most important message emerging from Washington is that the US and China may be moving from confrontation to controlled competition, but have not moved beyond strategic rivalry. The warmth seen between Trump and Xi may ease tensions for a while, but lasting stability will depend on how the two countries find solutions to the difficult questions that no ceremony or red carpet can cover: trade, technology, Taiwan, military competition, and the changing global balance of power.

Lakshmi Bhandar vs. Annapurna Scheme: May the displeasure of half the population prove costly!

Schemes catering to the female half of the population have always been crucial in West Bengal politics. The Mamata Banerjee government's 'Lakshmi Bhandar' scheme established a strong presence among women, but after the change of power, the 'Annapurna' scheme now faces the challenge of re-establishing that trust. The challenge is even greater because complaints are emerging regarding delays in payments, mismatched beneficiary names, and other administrative issues. Protests and demonstrations by women in many places have raised questions for the government. In this context, the question is not just about the scheme itself, but about trust between the government and the female half of the population. Schemes providing direct financial assistance to women have carved a niche in West Bengal politics. Lakshmi Bhandar has been in the news for this reason. The scheme's objective was to provide financial assistance to women and was directly linked to their household budgets. Now, after the change of power, the Annapurna scheme also faces the responsibility of providing financial assistance to women. But the question is: has simply changing the name of the scheme changed the beneficiaries' experience? Is the Annapurna Yojana reaching women as easily as the government had hoped? And are the complaints emerging on the ground merely initial administrative glitches, or is there a deeper systemic problem behind them? Why are women on the streets over Annapurna?

The true test of any welfare scheme lies not in government announcements, but in the money reaching the beneficiary's account. If a woman faces a delay in payment, her name is missing from the list, or the status of her application is unclear, it's natural for her to raise questions. But the question goes beyond this. Why are the very women for whom the scheme was designed having to stage protests and demonstrations to get their due?

The government may argue that verification, documentation, and technical procedures may pose initial difficulties in implementing the new scheme. But for the beneficiary, the cause of the problem is not as important as its solution. If payments are delayed, when will she receive them? If her name is missing, why wasn't she added? And if there is a technical problem, what is the timeframe for resolving it?administrative system but also about the credibility of the scheme. The government must clarify how many beneficiaries have been paid and how many cases are pending.Is the delay in payments a technical issue? Is there a bottleneck in the banking process? Is verification of beneficiaries taking time? Or is there a shortcoming at the local administration level? The sooner these questions are answered, the sooner the questions raised about Annapurna can be put to rest.

Why are beneficiaries' names missing from the list? - Another important question related to the Annapurna scheme concerns the list of beneficiaries. If a woman's name is not on the list, she has the right to know why. Does she fall short of eligibility? Is there a deficiency in her documents? Is verification pending? Or is there a technical error.

शहर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारम्भ शहर विधायक श्री रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सैफाली सिंह एवं नगर अध्यक्ष श्री गिरीश भण्डूला ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के माध्यम से आमजन को संचारी रोगों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई तथा समय पर उपचार कराने के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर शहर विधायक श्री रितेश गुप्ता ने रैली में उपस्थित अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अन्य प्रतिभागियों को संचारी रोगों से बचाव एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा अपने घर और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संचारी रोग न केवल स्वास्थ्य के लिए चुनौती हैं, बल्कि इनके कारण परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इनके नियंत्रण के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

शपथ के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे तथा अपने परिवार एवं समुदाय को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही घर अथवा आसपास किसी व्यक्ति के बुखार से पीड़ित होने पर उसे तत्काल उपचार के लिए निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र अथवा अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक तथा दस्तक अभियान 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (आई.एल.आई.) के रोगियों, क्षय रोग एवं कुष्ठ रोग के संभावित रोगियों तथा कुपोषित बच्चों की पहचान की जाएगी। चिन्हित मामलों का आवश्यक विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा, ताकि समयबद्ध रूप से आवश्यक जांच एवं उपचार की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों, मच्छरों की रोकथाम, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, घर एवं आसपास साफ-सफाई रखने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने के लिए जागरूक किया जाएगा।

जागरूकता रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ होकर कमिश्नर कार्यालय, जैन मंदिर होते हुए कम्पनी बाग पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नगरीय क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं, ए.एन.एम., ए.एन.एम.टी.सी. की प्रशिक्षु ए.एन.एम. सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य प्रतिभागी शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा, मंडलीय समन्वयक श्री रोहित सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री रघुवीर सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट श्री अजीजुर रहीम, अर्बन मलेरिया इकाई के अर्बन कोऑर्डिनेटर श्री प्रमोद कुमार सहित जिला मलेरिया कार्यालय के अधिकारी, मलेरिया निरीक्षक, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

265 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण, 82 श्रमिकों को नि:शुल्क चश्मे वितरित; 130 श्रमिकों का डिजिटल लेबर चौक ऐप पर पंजीकरण

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देशों के क्रम में औद्योगिक प्रतिष्ठानों, निर्माण स्थलों एवं कार्यस्थलों पर कार्यरत श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कार्यस्थल से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं की समय से पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2026 को मैसर्स सेंसस लाइफस्टाइल, मुगलपुर महलकपुर रोड, मुरादाबाद में 'श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग, मुरादाबाद एवं ईएसआईसी की टीम तथा सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल, मुरादाबाद के चिकित्सकों द्वारा लगभग 265 श्रमिकों एवं निर्माण श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान आवश्यकतानुसार ब्लड टेस्ट, बीपी एवं शुगर टेस्ट सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गईं तथा चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर श्रमिकों को आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं।

श्रमिकों की मौके पर ही आंखों की जांच की गई, जिसमें आवश्यकता पाए जाने पर 82 श्रमिकों को नि:शुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। शिविर में उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र द्वारा श्रमिकों को उनके कार्य-दशाओं एवं स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा सेवायोजक को श्रमिक हित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शिविर के दौरान श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक ऐप के संबंध में भी जानकारी दी गई। मौके पर ही ऐप डाउनलोड कराकर कुल 130 श्रमिकों का पंजीकरण कराया गया। श्रमिकों को ऐप के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के अवसरों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सहायक निदेशक, कारखाना मुरादाबाद द्वारा श्रमिकों को कार्यस्थल पर अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं सुरक्षा उपकरणों के समुचित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई।

शिविर में सहायक श्रमायुक्त, मुरादाबाद, सहायक निदेशक कारखाना, श्रम प्रवर्तन अधिकारी तथा श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पिज्जा हट में धमाका: सिलिंडर फटने से शटर और दीवार टूटी, पांच झुलसे, तीन की हालत गंभीर

सिविल लाइंस के शेरुआ चौराहे पर पिज्जा की दुकान में सिलिंडर फटने से पांच लोग घायल हो गए। धमाके से दुकान की दीवार और शटर टूट गया। तीन घायलों की हालत गंभीर बताई गई है।मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शेरुआ चौराहे पर शुक्रवार सुबह पिज्जा की दुकान में गैस सिलिंडर फटने से धमाका हो गया। इससे दुकान की दीवार और शटर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दुकान संचालक समेत पांच लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई गई है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे की है। पुलिस के अनुसार शेरुआ चौराहे पर पिज्जा की दुकान में अचानक धमाका हुआ।प्रारंभिक तौर पर गैस सिलिंडर फटने की आशंका जताई जा रही है। धमाके की चपेट में दुकान के अंदर मौजूद लोग और राहगीर आ गए।

दुकान संचालक ब्रजपाल सिंह उर्फ बिर्जू (30) पुत्र छोटे सिंह, निवासी फतेहपुर छीतरा, थाना बछरायूं, अमरोहा गंभीर रूप से घायल हुए हैं।दुकान के बाहर खड़े यश चौधरी (30) पुत्र अनिल कुमार, निवासी कोकरपुर, थाना छजलैट भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पड़ोसी दुकान के अरुण (28) पुत्र राजू, निवासी शेरुआ की हालत भी गंभीर बताई गई है। वहीं पड़ोसी दुकान के शिवम (30) पुत्र राजू और राहगीर ब्रजेश्वरी देवी (68) पत्नी राजपाल निवासी ईशापुर, नौगावां सादात, अमरोहा को भी चोटें आई हैं। दोनों की स्थिति सामान्य बताई गई है। धमाके की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंच गई।फायर ब्रिगेड और एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया गैस सिलिंडर फटने की बात सामने आ रही है। मामले की जांच के बाद घटना का सही कारण स्पष्ट होगा।

मुस्तफा मस्जिद को जारी नोटिस वापस, दोबारा होगी पैमाइश, हाईकोर्ट में खुली क्षेत्रफल की गड़बड़ी

पाकबड़ा में टीएमयू के पास मुस्तफा मस्जिद के ध्वस्तीकरण का एमडीए का नोटिस क्षेत्रफल संबंधी त्रुटि के कारण वापस ले लिया गया। हाईकोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए एमडीए को दोबारा पैमाइश कर स्पष्ट नोटिस जारी करने की छूट दी है।पाकबड़ा में टीएमयू के पास स्थित मुस्तफा मस्जिद के ध्वस्तीकरण का नोटिस एमडीए ने वापस ले लिया है। मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद एमडीए की ओर से जारी नोटिस में क्षेत्रफल को लेकर त्रुटि सामने आई है।

सुनवाई के दौरान प्राधिकरण के अधिवक्ता ने अदालत में माना कि नोटिस अस्पष्ट था। इसके बाद हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की याचिका निस्तारित कर दी। एमडीए ने 21 अगस्त 2026 को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 14 और 15 के तहत नोटिस जारी किया था। इसमें आरोप था कि दिल्ली रोड पर टीएमयू के पास, मोहल्ला ईदगाह पाकबड़ा में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए मस्जिद का निर्माण किया गया है। मस्जिद प्रबंधन से तीन सितंबर को प्राधिकरण कार्यालय में जवाब मांगा गया था।नोटिस के खिलाफ मस्जिद कमेटी के जीशान अहमद फरीद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें नोटिस रद्द करने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोकने की मांग की गई थी।

28 सितंबर को जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और जस्टिस कुणाल रवि सिंह की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान एमडीए के अधिवक्ता ने नोटिस वापस लेने की बात कही।हालांकि एमडीए को नियमानुसार नया और स्पष्ट नोटिस जारी करने की छूट दी गई है। एमडीए वीसी अनुभव सिंह ने बताया कि मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल याचिका और विभाग की ओर से जारी नोटिस के क्षेत्रफल में अंतर पाया गया है। हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी आने के बाद एमडीए की टीम दोबारा मौके पर जाकर क्षेत्रफल की पैमाइश करेगी। इसके बाद दोबारा नोटिस जारी किया जाएगा।मुस्तफा मस्जिद का नोटिस वापस लिया जाना महत्वपूर्ण प्रगति = मदनी- जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित मुस्तफा मस्जिद के मामले में पुराने शो-कॉज नोटिस का वापस लिया जाना हमारी कानूनी लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति है। मौलाना महमूद मदनी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एमडीए ने नोटिस को अस्पष्ट बताते हुए उसे वापस लेने और कानून के अनुसार नया नोटिस जारी करने की बात कही है।कहा कि यह मामला अभी समाप्त नहीं हुआ है और आगे लंबी कानूनी प्रक्रिया बाकी है। जमीयत का उद्देश्य केवल मस्जिद का संरक्षण करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी नागरिक या धार्मिक स्थल के खिलाफ कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ही हो।

संक्षिप्त समाचार

शादीशुदा मामा ने भांजी से की शादी: युवती 19 साल तो युवक 30 का, मंदिर में रचाया ब्याह, कई साल से था प्यार

अमरोहा के डिडौली कोतवाली क्षेत्र में 30 वर्षीय शादीशुदा मामा ने 19 वर्षीय भांजी से मंदिर में शादी की। पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है।यूपी के अमरोहा जिले के डिडौली कोतवाली क्षेत्र में 30 वर्षीय शादीशुदा युवक ने अपनी 19 वर्षीय सगी भांजी से मंदिर में शादी कर ली। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। फिलहाल मामले में किसी पक्ष की ओर से पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि युवक की शादी करीब सात वर्ष पहले हो चुकी है। वह युवती की मां का सगा छोटा भाई है। ग्रामीणों के अनुसार, मामा और भांजी के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध होने की चर्चा थी। युवती पर अपने मामा के साथ जाने की जिद पर अड़ी थी। इसके बाद दोनों ने मंदिर में जाकर शादी कर ली। घटना की जानकारी जब गांव के लोगों को हुई तो वे हैरान रह गए। रिश्ते में मामा-भांजी होने के कारण शादी की चर्चा आसपास के गांवों तक भी पहुंच गई। ग्रामीणों के बीच पूरे मामले को लेकर तरह-तरह की बातें होती रहीं। युवक पहले से शादीशुदा होने के कारण मामले को लेकर और भी चर्चा बनी हुई है। वहीं, सीओ सिटी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि अभी किसी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच की जाएगी और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बबराला में पॉक्सो का वांछित आरोपी ने ट्रेन से कटकर दी जान, छह वर्ष की बच्ची से अश्लील हरकत का था आरोप

बबराला में छह वर्षीय बच्ची से अश्लील हरकत के आरोप में वांछित 45 वर्षीय आरोपी ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के नीचे आकर जान दे दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।बबराला में छह वर्षीय बच्ची से अश्लील हरकत करने के वांछित आरोपी ने बृहस्पतिवार देर रात रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के नीचे आकर जान दे दी। घटना की सूचना पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबराला थाना क्षेत्र निवासी बच्ची के पिता ने 23 सितंबर को थाने में तहरीर देकर एक गांव निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में आरोप लगाया था कि 21 सितंबर की सुबह आरोपी उनकी बच्ची को खेत की ओर ले गया। वहां उसके साथ अश्लील हरकत की गई।पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच देर रात आरोपी बबराला रेलवे स्टेशन पहुंचा और ट्रेन के नीचे आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष लवनीश चौधरी ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी ने ट्रेन के नीचे आकर जान दे दी।

गांधी जयंती पर खादी के अधिकाधिक प्रयोग की दिलाई शपथ, डीएम ने चलाया चरखा

मुरादाबाद में गांधी जयंती पर कांठ रोड स्थित क्षेत्रीय गांधी आश्रम में खादी जागरूकता रैली निकाली गई। डीएम अनुनय झा ने चरखा चलाया और लोगों को खादी के अधिकाधिक प्रयोग की शपथ दिलाई।गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कांठ रोड स्थित क्षेत्रीय गांधी आश्रम में खादी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को खादी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए शपथ दिलाई गई। रैली को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुनय झा और विधान परिषद सदस्य रामगोपाल उर्फ गोपाल अंजान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद जिलाधिकारी और एमएलसी ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली।डीएम ने खुद चलाया चरखा कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं चरखा चलाकर खादी और गांधी के विचारों से जुड़ाव का संदेश दिया। इसके बाद खादी जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान युवाओं को खादी के अधिक से अधिक प्रयोग की शपथ दिलाई गई। लोगों से खादी को अपनाने के साथ ही इसके अधिकाधिक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया गया, ताकि देश की परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाया जा सके।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

कलेक्ट्रेट में मनी गांधी-शास्त्री जयंती: डी एम ने महापुरुषों को किया नमन

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने नेशन फर्स्ट की भावना के साथ काम करने और अन्याय के खिलाफ मुखर होने की सीख दी। साथ ही शास्त्री जी की सादगी व बेदाग ईमानदारी का उदाहरण देते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समारोह में द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने 'वैष्णव जन तो' और 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम वित्त संतोष कुमार सिंह, एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी और नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित कलेक्ट्रेट कर्मी उपस्थित रहे।

मेयर व नगर आयुक्त ने महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर निगम बरेली द्वारा केंद्रीय अभियान 'स्वच्छता ही सेवा-2026' का भव्य समापन किया गया।

इस महाअभियान में 1000 से अधिक नागरिकों, स्कूली छात्राओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महापौर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य (IAS) ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर की। इस दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं और SBM IEC टीम ने प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को चार श्रेणियों में कचरा अलग करने और खुले में कूड़ा न फेंकने के लिए प्रेरित किया।

?सिलेक्शन चौराहे पर विशेष सफाई अभियान के तहत हरुनगला (वार्ड-17) में वर्षों पुराने ओपन डंपिंग स्थल को पूरी तरह साफ कर स्वच्छ बनाया गया। वहीं, वन विभाग के सहयोग से सिलेक्शन चौराहे पर CO वैभव चौधरी की मौजूदगी में व्यापक सफाई अभियान चलाकर हरित बरेली का संदेश दिया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक स्वच्छता शपथ ली। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों और प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बड़ी पहल- शहर में लगेगा आधुनिक CBG प्लांट अपशिष्ट प्रबंधन को तकनीकी रूप देने के लिए नगर निगम बरेली कंप्रेस्ड बायो-गैस (CBG) प्लांट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए शहर की डेयरियों से निकलने वाले वेस्ट और ग्रीन वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर गैस बनाई जाएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ कचरा प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी।

डिलारी में युवती से सामूहिक दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने वाला , एक आरोपी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी/ मुरादाबाद। थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम मासूमपुर में 19 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पीड़िता के पिता महावीर सिंह पुत्र स्वर्गीय मान सिंह ने 30 सितंबर 2026 को थाना डिलारी में तहरीर दी थी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने पंकज पुत्र सूरजभान और योगेश उर्फ नन्हू पुत्र लखपत सिंह, निवासी ग्राम मासूमपुर, थाना डिलारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर घटना के तथ्यों की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए 2 अक्टूबर 2026 को नामजद/वांछित आरोपी योगेश उर्फ नन्हू पुत्र लखपत सिंह, उम्र करीब 31 वर्ष, को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में दूसरे नामजद आरोपी पंकज की भूमिका और अन्य तथ्यों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

डिलारी पुलिस की कार्रवाई, सात आरोपियों का चालान कर न्यायालय भेजा

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी/ मुरादाबाद। थाना डिलारी पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुरादाबाद भेजा है। पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई में रपट संख्या 56 के तहत चार आरोपियों फारुउद्दीन पुत्र रहीसुद्दीन (22 वर्ष), शेरअली पुत्र बाबूजी, अनस पुत्र मोहम्मद अली (20 वर्ष) निवासी सिहाली खद्दर तथा गौरव पुत्र महेश कुमार (22 वर्ष) निवासी धारूपुर को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद रपट संख्या 58 के तहत मुजम्मिल पुत्र नजाकत (37 वर्ष), निवासी ग्राम नाखूनका को गिरफ्तार किया गया। वहीं रपट संख्या 59 के तहत मोहम्मद उवैश पुत्र कलुआ (18 वर्ष) और साकिर पुत्र शाकिर (18 वर्ष), निवासी ग्राम गुलड़िया माफी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सभी सात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका चालान किया गया। इसके बाद सभी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय जनपद मुरादाबाद भेज दिया गया

गांधी-शास्त्री केवल इतिहास नहीं, जीने का सलीका हैं; कमिश्नरी में गूंजे बापू और शास्त्री के विचार

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। गांधी जयंती के मौके पर कमिश्नरी परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया गया। मंडलायुक्त शंभू कुमार ने ध्वजारोहण कर शहीद स्तंभ पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प चढ़ाए। मंडलायुक्त ने कहा कि गांधी जयंती केवल एक अवकाश या पर्व नहीं, बल्कि बापू के सिद्धांतों-सत्य, अहिंसा, सादगी और स्वदेशी-को अपने जीवन में उतारने का दिन है। गांधीजी का मानना था कि बातचीत और शांति से हर समस्या हल हो सकती है। उन्होंने कहा कि कठिन दौर में बापू गीता से मार्गदर्शन लेते थे, जो आज भी हर संकट में सही राह दिखाती है।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को याद करते हुए कमिश्नर ने कहा कि देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने वाले शास्त्री जी का संदेश स्पष्ट था-%समाज में बदलाव की शुरुआत खुद से होती है।% कार्यक्रम में कमिश्नरी के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में गांधी जयंती पर सम्मान समारोह : सीरियल किलर को पकड़ने वाले जांबाजों को मिला सीएम का प्रशस्ति पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । गांधी जयंती पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित- समारोह में सराहनीय व साहसिक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए- सीएम का प्रशस्ति पत्र एवं 25,000 नकद पुरस्कार- थाना शाही क्षेत्र में महिलाओं की हत्या की गुत्थी सुलझाने और कुख्यात सीरियल किलर को गिरफ्तार करने वाले आरक्षी सरफराज अहमद (थाना शाही) और आरक्षी शेखर वर्मा (यूपी-112) को सम्मानित किया गया। अति उत्कृष्ट सेवा पदक (गृह मंत्रालय)= उपनिरीक्षक (यातायात) कमलेश कुमार उत्कृष्ट सेवा पदक (गृह मंत्रालय)= मुख्य आरक्षी नंद किशोर दिवाकर और मुख्य आरक्षी मनवीर सिंह। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भी हुआ सम्मान- एसएसपी ने पुलिस परिवार के अभिन्न अंग 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कम्बल, फल व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया।

वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित- कार्यक्रम में एसपी ट्रैफिक मो0 अकमल खान, एएसपी शिवम आशुतोष, सीओ नगर द्वितीय नितिन कुमार सहित पुलिस की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन एएसपी शिवम आशुतोष ने किया तथा व्यवस्था प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह ने संभाली।

ज्ञानेश कुमार के विरोध में दिल्ली जा रहे कांग्रेस नेता बरेली में नजरबंद

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत दिल्ली जा रहे पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला को जिला प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया। उनके साथ दिल्ली/लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों को भी पुलिस ने रोक दिया। गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए

उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला अपने तमाम साथियों के साथ एक दिन पूर्व ही आगरा होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। शुक्रवार को पुलिस की कार्रवाई में बरेली में अजय शुक्ला और उनके साथ मौजूद कुछ नेताओं को ही नजरबंद किया जा सका, जबकि पारस शुक्ला पुलिस को चकमा देकर पहले ही दिल्ली पहुंच गए और आंदोलन में शामिल हो गए। कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को दमनात्मक नीति बताते हुए पुरजोर विरोध किया और मांग की कि ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाया जाए। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पूरी नहीं होती। नजरबंद नेताओं में पूर्व पार्षद महेश पंडित ,एडवोकेट सुरेंद्र सोनकर, एडवोकेट फिरोज खान, पीर ज्यादा साहब, राजेश रस्तोगी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस का भाजपा पर निशाना, किसान यात्रा रवाना

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली ।महानगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों का विरोध करने वाली ताकतें भी आज उनकी प्रतिमा के आगे नतमस्तक होने को मजबूर हैं। केवल माल्यार्पण से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने से ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी। पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने भी गांधी जी के सत्याग्रह की शक्ति को रेखांकित किया। गोष्ठी के बाद अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने किसानों के मुद्दों और वोट चोरी के विरोध में निकाली जा रही जनजागरण यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नरियावल में रात्रि विश्राम के बाद यह यात्रा अगले दिन पुन: जनता के बीच पहुंचेगी। कार्यक्रम का संचालन पंडित राज शर्मा ने किया। इस दौरान रामदेव पाण्डेय, जीशान अफरीदी, पूनम डीप, रेहान बशीरी, डॉ. हरीश गंगवार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

मालामाल होने के लालच में दिल्ली के डिलीवरी बॉय बने साइबर ठगों के मोहरे

